दैनिक जागरण कानपुर 06/06/2023

प्रदेश का सर्वश्रेष्ठ कृषि विश्वविद्यालय बना सीएसए

देश में आया 30 वां स्थान

सीएसए • जागरण फाइल फोटो

शहर के दो शिक्षण संस्थानों ने देश में बढ़ाया मान, सीएसजेएमयू और एचबीटीयू को नहीं मिली रैंक

जासं, कानपुर : केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय के उच्च शिक्षा विभाग की देश के शिक्षण संस्थानों की रैंकिंग में शहर के दो संस्थानों को स्थान मिला है। आइआइटी कानपुर के साथ ही चंद्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय (सीएसए) को देश के 40 सर्वश्रेष्ठ विश्वविद्यालयों में 30 वां स्थान मिला है। प्रदेश के चार कृषि विश्वविद्यालयों में सीएसए का पहला स्थान है लेकिन, कृषि एवं संबंधित विज्ञान क्षेत्र में उसे तीसरा स्थान मिला है।

प्रदेश के कृषि विश्वविद्यालय में अयोध्या के आचार्य नरेन्द्र देव कृषि विश्वविद्यालय कुमारगंज का स्थान 35 वां हैं। जबकि इस सूची में बनारस हिन्दू विश्वविद्यालय का स्थान चौथा और बरेली स्थित भारतीय पशु शोध संस्थान इज्जतनगर का स्थान छठवां है। सीएसए के डा. विजय यादव ने बताया कि प्रदेश के कृषि विश्वविद्यालयों में प्रथम स्थान मिलने पर कार्यवाहक कुलपति प्रो. विजेंद्र सिंह और नव नियुक्त कुलपति प्रो. आनंद कुमार सिंह ने विश्वविद्यालय टीम को बधाई दी है। यह सम्मान विश्वविद्यालय में शोध पत्रों के प्रकाशन और प्लेसमेंट, नवाचार, शैक्षिक गतिविधियों और प्रजातियों के विकास समेत कई मानकों पर बेहतर प्रदर्शन से यह स्थिति बनी है।

सीएसजेएमयू और एचबीटीयू को नहीं मिला स्थान: केंद्र सरकार की सूची में छत्रपति शाहूजी महाराज विश्वविद्यालय और हरकोर्ट बटलर प्राविधिक विश्वविद्यालय को स्थान नहीं मिल पाया है। शहर में लगभग 20 से अधिक शासकीय व अनुदानित महाविद्यालय, विश्वविद्यालय और शिक्षण संस्थान हैं जिनको स्थानीय स्तर पर प्रतिष्ठा मिली हुई है लेकिन इस सूची में उन्हें मौका नहीं मिल सका है।

REDMI NOTE 8 PRO
AI QUAD CAMERA

राष्ट्रीय
सहारा
कानपुर ● मंगलवार ● 6 जून ● 2023

सीएसए को प्रदेश में पहला स्थान

नपुर। नेशनल इंस्टीट्यूशनल
ंग फ्रेमवर्क 2023 में सीएसए
षि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय
देश में 30वां व प्रदेश में पहला
ान प्राप्त हुआ है। विदित है कि
रत सरकार ने सभी शिक्षण संस्थानों
लिये एनआईआरएफ रैंकिंग
निवार्य कर दी है।

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित
आषाढ़ कृष्ण पक्ष तृतीया 12:50 उपरांत चतुर्थी विक्रम संवत 2080

अमृत विचार

एक सम्पूर्ण अखबार

वर्ष 1, अंक 283, पृष्ठ 16, मूल्य : 5 रुपये

र बारिश का खतरा मंडराया...15

कानपुर, मंगलवार, 6 जून 2023
www.amritvichar.com

शिल्पा शेट्टी ने शेयर किया लंद

कृषि शिक्षा व शोध में सीएसए की 30 वीं रैंक

चंद्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय ने कृषि शिक्षा व शोध कैटेगरी में देश भर में 30 वीं रैंक हासिल की है। यह उपलब्धि विश्वविद्यालय को पहली बार मिली है। एनआईआरएफ में यह कैटेगरी पहली बार शामिल की गई। विश्वविद्यालय के पूर्व निदेशक शोध डॉ. विजय यादव के मुताबिक यह उपलब्धि एग्री बिजनेस स्टार्टअप और इंक्यूबेशन सेंटर की वजह से मिली है। यह प्रदेश भर के विश्वविद्यालयों में सबसे पहले विकसित किया गया।

हिंदुस्तान कानपुर 06/06/2023

सीएसए को 30वां स्थान

सीएसए को एग्रीकल्चर कैटेगरी में 30वां स्थान मिला है। प्रदेश के चारों कृषि एवं प्रौद्योगिकी विवि में सीएसए सबसे आगे है। कुलपति डॉ. आनंद कुमार सिंह और पूर्व कुलपति डॉ. बिजेंद्र सिंह व डॉ. डीआर सिंह ने इस पर बधाई दी है। केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय ने 12 अलग-अलग कैटेगरी के साथ ओवरआल रैंकिंग जारी की है।

आईआईटी कानपुर को रिसर्च इंस्टीट्यूट में छठा, इंजीनियरिंग में पांचवां और मैनेजमेंट में 23वां स्थान मिला है। आईआईटी कानपुर पहले नंबर पर है। दूसरे पर आईआईटी मद्रास, तीसरेपर आईआईटी हैदराबाद।

अमर उजाला कानपुर 06/06/2023

सीएसए को मिला 30वां स्थान

■ एनआईआरएफ में चंद्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय (सीएसए) को एग्रीकल्चर कैटेगरी में 30वां स्थान मिला है। प्रदेश के चारों कृषि एवं प्रौद्योगिकी विवि में सीएसए सबसे आगे है। विवि के नवनिर्वाचित कुलपति डॉ. आ़नंद कुमार सिंह और पूर्व कुलपति डॉ. बिजेंद्र सिंह व डॉ. डीआर सिंह ने बधाई दी है।